दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 11 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 314

## महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश, विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं स्थगित; इंदौर में बाढ़ के बाद कई कारें बहीं



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के बाद जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि राज्य के दो विश्वविद्यालों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी या तो रद्द कर दी। वहीं, मुंबई से सटे मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में निचले इलाकों में लगातार बारिश के कारण बाढ़ आ गई है। पानी के तेज बहाव में कुछ कारों के बह जाने की भी सूचना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मध्य प्रदेश, गुजरात महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में गुरुवार के लिए अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की अनुमान जताया है।

अधिकारियों ने कहा कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मंगलवार से तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश हुई और अगले 24 घंटों में और बारिश होने की संभावना है। महाराष्ट्र के तटीय और पश्चिम पश्चिमी घाट क्षेत्रों में बारिश के बारे में पूछे जाने पर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि कम दबाव के क्षेत्र अरब सागर की तेज हवाओं के कारण क्षेत्र में भारी बारिश हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि बुधवार से इन क्षेत्रों में बारिश कम हो जाएगी।

पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर, सांगली और सतारा जिलों में भारी बारिश और उसके बाद बाढ़ की स्थिति के कारण बुधवार और गुरुवार को होने वाली कोल्हापुर विश्वविद्यालय की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। कोल्हापुर जिला प्रशासन ने एक बयान में कहा कि परीक्षा के लिए नए टाइम टेबल की घोषणा बाद में की जाएगी। कोल्हापुर में पंचगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे, राजाराम वियर में पंचगंगा नदी का जलस्तर 40.2 फीट तक पहुंच गया, जबकि चेतावनी लेवल 39 फीट और खतरे का निशान 43 फीट है।

**नागपुर विश्वविद्यालय ने भी परीक्षा रद्द की-** वहीं, नागपुर विश्वविद्यालय ने विदर्भ क्षेत्र के जिले और आसपास के स्थानों में भारी बारिश को देखते हुए बुधवार को होने वाली अपनी सभी परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराजा नागपुर विश्वविद्यालय के निदेशक, परीक्षा और मूल्यांकन बोर्ड, डॉ प्रफुल्ल सबले ने एक अधिसूचना में कहा कि अगली तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी और उसकी सूचना छात्रों को भी दी जाएगी।

**बुधवार को स्कूलों में छुट्टी घोषित-** वहीं, मध्य प्रदेश में इंदौर की मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राज्य के पश्चिमी हिस्सों में तेज पानी के बहाव के कारण सिरपुर झील की ओर जाने वाली बाढ़ वाली सडक़ पर कुछ कारें बह गईं, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मंगलवार शाम से हो रही भारी बारिश से पैदा हुए हालात से चिंतित जिला प्रशासन ने बुधवार को स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया।

**इंदौर के लिए अगले दो दिन अहम-** मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि इंदौर में बुधवार सुबह 8.30 बजे समाप्त 24 घंटे की अवधि में 108.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों तक शहर में बारिश जारी रहने की संभावना है। महापौर ने कहा, हमने प्रभावित लोगों की मदद के लिए शहर के निचले इलाकों में नागरिक दल भेजे हैं। उन्हें निर्देश दिया गया है कि जरूरत पडऩे पर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को पहले सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।

**राजस्थान में दो सप्ताह चलेगा बारिश का दौर, इन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका-** मानसून राजस्थान पर मेहरबान है। मंगलवार को जयपुर, झालावाड़, बारां, हनुमानगढ़ सहित अन्य जिलों में अच्छी बारिश हुई। जयपुर में 45 मिनट में 16.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। माउंट आबू में सुबह आठ बजे समाप्त 24 घंटों में 18 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सीकर में सुबह से मौसम शुष्क होने के कारण गर्मी का असर रहा। फतेहपुर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया। उदयपुर में मानसून में उतार-चढ़ाव के बीच मंगलवार को जिले में कहीं पर भी बरसात नहीं हुई। शहर में मामूली बूंदाबांदी हुई, वह भी खंडवर्षा के तौर पर रही।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गिरफ्तारी को लेकर नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, सभी केस दिल्ली ट्रांसफर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस कांत बेंच ने नूपुर शर्मा को बड़ी राहत देते हुए जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है। इसके अलावा सभी केसों की सुनवाई दिल्ली में करने का आदेश दे दिया है। यानी देशभर में उनके खिलाफ दर्ज अलग-अलग केस अब दिल्ली में क्लब किए जाएंगे। नूपुर शर्मा के खिलाफ सबसे पहले महाराष्ट्र में मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद पश्चिम बंगाल, राजस्थान में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। नूपुर शर्मा की याचिका पर पिछले महीने सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की निलंबित नेता को बड़ी राहत देते हुए 10 अगस्त तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इसके साथ-साथ कोर्ट ने केंद्र और उन राज्यों को नोटिस जारी किया है, जहां उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इस नोटिस में अदालत ने राज्यों और केंद्र सरकार से पूछा था कि नूपुर शर्मा के खिलाफ दर्ज केसों को एक ही स्थान पर क्यों न ट्रांसफर कर दिया जाए।

### टायर फटने से सड़क की दूसरी ओर पलटकर जा गिरी कार, दो बच्चों समेत 4 की मौत

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में बुधवार को एक सडक़ दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा हैदराबाद-नागपुर हाईवे पर कोठापल्ली के पास हुआ, जहां टायर फटने से कार पलट गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जिसमें दो बच्चे शामिल हैं। वहीं घायलों को अरमूर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में दो बच्चे हैं। मृतक और घायल एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। वे हैदराबाद से निर्मल जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, टायर फटने के बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पलटकर सडक़ के दूसरी ओर जा गिरी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### हैदराबाद में भोला के सेट पर चोटिल हुईं अभिनेत्री तब्बू



**मुंबई (आरएनएस)।** बुधवार की सुबह अभिनेत्री तब्बू, जो अजय देवगन की एक्शन फिल्म भोला में एक निडर, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही है, एक साहसी स्टंट करते हुए बाल-बाल बची। यह उन फिल्मों में से एक है जिसमें तब्बू, अजय देवगन के साथ कई स्टंट करती नजर आएंगी। सूत्रों का कहना है कि, यह घटना एक एक्शन सीन के दौरान हुई जब ट्रक और मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गई। सूत्र ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि तब्बू की दाहिनी आंख के ठीक ऊपर कांच लग गया। सेट पर उपलब्ध चिकित्सा सहायता ने कहा, चोट मामूली है। टांके लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। अजय ने एक छोटे से ब्रेक के लिए कहा जिससे अभिनेत्री को तब तक आराम करने की अनुमति मिल गई जब तक कि वह अपने आप को ठीक नहीं कर लेती।

### यूपी फिल्म विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ा



**कानपुर (आरएनएस)।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को बुधवार सुबह दिल का दौरा पड़ा है। उनके भतीजे मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह उठकर अपने घर पर ही ट्रेडमिल पर रनिंग कर रहे थे, तभी अचानक सीने में दर्द होने लगी। असहनीय पीड़ा होने पर घर वाले दिल्ली एम्स लेकर गए और भर्ती कराया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। पल्स वापस आने से उनके चाहने वालों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अभी तक अस्पताल प्रशासन की तरफ से मेडिकल बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। राजू श्रीवास्तव के हार्ट अटैक की पुष्टि उनके भतीजे मयंक श्रीवास्तव ने की है। उन्होंने बताया कि चाचा एम्स में भर्ती हैं। उनकी तबीयत के बारे में उन्होंने बताया कि अभी वह कुछ भी बताने की स्थित में नहीं हैं। जैसे से उनकी डॉक्टर से बात होगी, जानकारी देंगे।

## 8वीं बार नीतीश कुमार ने ली बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ, तेजस्वी यादव बने डिप्टी सीएम



**पटना (आरएनएस)।** जनता दल-यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को आठवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश कुमार के शपथ लेने के बाद तेजस्वी यादव ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल फागू चौहान ने नीतीश और तेजस्वी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मीडिया से बातचीत में नीतीश कुमार ने कहा कि अब जल्द ही विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा और मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी जल्द से जल्द होगा। हम समय आने पर जनता को सब कुछ बता देंगे। बीजेपी के साथ जाने पर हमारी सीटें कम हुईं थी।

नीतीश ने महागठबंधन विधानमंडल दल के नेता चुने जाने के बाद मंगलवार को राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

इससे पहले नीतीश ने एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। महागठबंधन को सात दलों के 164 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। भाजपा से अलग होकर नीतीश कुमार ने सात दलों के 'महागठबंधन' के साथ जाने का फैसला किया गया है।

## कोविशील्ड, कोवैक्सीन लेने वाले वयस्कों को अब लगेगी कॉर्बेवैक्स की बूस्टर डोज, केंद्र ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने कोविड की रोकथाम के लिए बॉयोलॉजिकल ई कंपनी द्वारा तैयार कॉर्बेवैक्स बूस्टर टीके को मंजूरी दे दी है। ये 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को कोरोना से बचाव के लिए लगाए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बायोलाजिकल ई की ओर से विकसित कॉर्बेवैक्स टीके को बतौर एहतियाती खुराक 18 वर्ष से अधिक आयु के उन लोगों के लिए अनुमति दे दी है, जिन्होंने पहली दो खुराक कोविशील्ड या कोवैक्सीन की खुराक ली है। सूत्रों ने बताया कि यह अनुमति टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी परामर्श समूह (एनटीएजीआई) के कोविड-19 कार्य समूह द्वारा पिछले सप्ताह की गई अनुशंसा पर आधारित है।

कोर्बेवैक्स देश का पहला टीका है जो पहली और दूसरी खुराक के तौर पर दिए गए टीके से अलग बतौर एहतियाती खुराक दिया जाएगा। यानी जिस व्यक्ति ने कोवैक्सिन या कोविशील्ड में से कोई भी टीका लिया है वह इस कोर्बेवैक्स के बूस्टर डोज को लगवा सकता है। गौरतलब है कि भारत के पहले स्वदेशी आरबीडी प्रोटीन सबयूनिट टीका कॉर्बेवैक्स का इस्तेमाल मौजूदा समय में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 12 से 14 वर्ष आयु के बच्चों को लगाने के लिए किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत के औषधि महानियंत्रक (जीसीजीआई) ने चार जून को तीसरी खुराक के तौर पर कॉर्बेवैक्स को 18 या इससे अधिक आयु के लोगों को लगाने की अनुमति दी थी।

कोविड-19 कार्य समूह ने 20 जुलाई की बैठक में तीसरे चरण के आंकडों की समीक्षा की। इसमें 18 से 80 वर्ष आयु के कोविड-19 निगेटिव ऐसे लोगों को जिन्होंने पहली दो खुराक कोविशील्ड या कोवैक्सीन की ली थी, कॉर्बेवैक्स टीका तीसरी खुराक के तौर पर दिए जाने के बाद उनकी प्रतिरोधक क्षमता पर होने वाले असर का आकलन किया गया था। सूत्रों ने बताया, आंकड़ों का परीक्षण करने के बाद सीडब्ल्यूजी ने पाया कि पहली और दूसरी खुराक के तौर पर कोवैक्सीन या कोविशील्ड लेने वालों को कॉर्बेवैक्स तीसरी खुराक के तौर पर दिया जा सकता है, जो उल्लेखनीय स्तर पर एंटीबॉडी (वायरस से लडऩे के लिए) पैदा करता है और तटस्थ आंकड़ों के मुताबिक संभवत: रक्षात्मक भी है।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले बड़ी साजिश नाकाम, पुलवामा में 30 किलो आईईडी बरामद



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में बुधवार को पुलिस और सुरक्षा बलों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले एक बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों ने शहर में सर्कुलर रोड पर तहाब क्रॉसिंग के पास 25-30 किग्रा आईडीडी बरामद किया है।

कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में आईईडी बरामद करके पुलिस और सुरक्षाबलों ने आतंकियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया है। एडीजीपी के अनुसार 3 आतंकियों में लतीफ नाम का आतंकी भी मौजूद है। वह कई आम नागरिकों की हत्या में शामिल रहा है। एडीजीपी विजय कुमार ने बताया है कि कश्मीर घाटी में आतंकियों की ओर से मारे गए राहुल भट और टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट की हत्या में भी लतीफ शामिल रहा है।

तीनों आतंकी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस और सुरक्षाबलों को बडगाम के वॉटरहेल गांव में आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से उन्हें पकडऩे के लिए अभियान चलाया। इसी बीच आतंकियों ने उनपर फायरिंग कर दी। इसके बाद एनकाउंटर शुरू हो गया।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में 5 अगस्त को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में एक नागरिक की मौत हो गई और एक सैनिक घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि कुलगाम जिले के रेडवानी में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने उस इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने कहा था कि तलाशी अभियान तब मुठभेड़ में बदल गया था, जब आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। इस पर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में एक भारतीय सैनिक और एक नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने कहा था कि यह अस्पष्ट है कि कैसे नागरिक घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि बाद में घायल नागरिक की मौत हो गई जिसकी पहचान कुलगाम के रेडवानी बाला इलाके के मंजूर लोन के रूप हुई थी।

## संघर्ष रोकने के लिए भारत-चीन की वायु सेना के बीच स्थापित हो सकती है हॉटलाइन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीनी और भारतीय वायु सेना के बीच सीधी हॉटलाइन होने का मुद्दा दोनों देशों के बीच चर्चा के लिए आया था। सरकारी सूत्रों ने जानकारी दी है कि पिछले हफ्ते हुई मेजर जनरल स्तर की वार्ता के दौरान भारत ने ये मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि हॉटलाइन को लेकर दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर भविष्य की बैठकों में चर्चा कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि वायु सेना के बीच एक सीधी हॉटलाइन की आवश्यकता महसूस की गई क्योंकि लड़ाकू विमानों से जुड़े मुद्दे बहुत तेजी से बढ़ सकते हैं और एक बड़े संघर्ष का कारण बन सकते हैं।

वे अक्सर 10 किलोमीटर की कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर लाइन का उल्लंघन कर रहे थे और 25 जून को स्पष्ट रूप से पार कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि वार्ता के दौरान भारतीय पक्ष ने उनसे ऐसी गतिविधियों से बचने के लिए कहा जबकि चीनियों ने शिकायत की कि भारतीय वायु सेना सीमा पर अपनी तरफ से व्यापक उड़ान भर रही है।

जम्मू और कश्मीर में पास के एक एयरबेस से मिराज 2000 विमान ने अपने क्षेत्र के अंदर व्यापक उड़ान भरी थी और प्रतिक्रिया समय के संदर्भ में उनकी अपेक्षा से कहीं अधिक तेजी से संभावित घुसपैठ के क्षेत्रों में पहुंचकर चीनी वायु सेना के विमानों को आश्चर्यचकित कर दिया था। भारतीय पक्ष में सेना के प्रतिनिधि भी शामिल थे और वायु सेना के अब से दोनों पक्षों के बीच सभी सैन्य वार्ता का हिस्सा होने की संभावना है।भारतीय सेना एलएसी के पार फिंगर एरिया और हॉट स्प्रिंग्स के पास घर्षण बिंदुओं के पास चीनी गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखे हुए है।

इस बीच, भारतीय और चीनी सेना भी करीबी कामकाजी संबंध बनाए हुए हैं क्योंकि चुमार सीमा के पास तैनात आईटीबीपी का एक जवान सोमवार शाम को लापता हो गया था। उसकी तलाश करते हुए, भारतीय पक्ष ने चीनी पक्ष को यह जांचने के लिए भी सूचित किया कि क्या वह अनजाने में दूसरी तरफ पार कर गया है।

## भाईयों की कलाई पर सजेगी रूद्राक्ष, बीज, धान, बांस से बनी आकर्षक राखियां

**इस साल रक्षाबंधन पर भाईयों की कलाई के साथ बिहान दीदीयों का त्यौहार भी होगा रंगीन**



**रायपुर (आरएनएस)।** इस साल रक्षाबंधन में भाईयों की कलाई के साथ स्व-सहायता समूहों की दीदीयों का रक्षाबंधन का त्यौहार भी खुशियों से रंगा होगा। भाईयों की कलाईयों में जहां छत्तीसगढ़ की माटी की सौंधी महक लिए धान, चावल, बीज और बांस की राखियां सजेंगी। वहीं इन राखियों की बिक्री से हुई आय से महिला समूह की कई दीदीयों के घरों में खुशियां भी आएंगी। हर साल की तरह इस साल भी छत्तीसगढ़ में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बड़े प्रेम और उत्साह से भाईयों के लिए मनमोहक और आकर्षक राखियां बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू हुए सी-मार्ट में इन राखियों की बिक्री से उन्हें अच्छी आय भी हुई है।

महासमुंद जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत समूह की 140 से अधिक दीदीयों ने बांस, धान, रखिया बीज, मोती, रुद्राक्ष, ऊन और सूती धागे से राखियां तैयार की है। इसे उन्होंने सौम्य बंधन का नाम दिया है। इसे शहरी, ग्रामीण बाजारों के साथ-साथ सी-मार्ट में भी विक्रय किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों में इन महिलाओं को बिक्री के लिए स्टॉल भी उपलब्ध कराये गए है। इसके अलावा स्थानीय हाट बाजारों सहित पड़ोसी जिलो में भी इनकी अच्छी माँग है। स्थानीय बाजार में समूह द्वारा बनाई गई राखीं को 10 रूपए से लेकर 50 रूपए तक बेचा जा रहा हैं।

**राखी से बिहान दीदीयों को 1 लाख रूपए की आय-** रक्षाबंधन का त्यौहार समूह की महिलाओं के लिए एक नई सौगात लेकर आया है। राजनांदगांव जिले में स्वीप योजना के तहत राखी निर्माण का प्रशिक्षण लेकर लगभग 80 समूहों की 100 से अधिक महिलाएं राखी निर्माण और विक्रय कर रही हैं। इस वर्ष बिहान दीदीयों ने मार्केट के डिमांड के अनुरूप खूबसूरत, फैंसी राखियां बनाई हैं। अब तक महिलाओं ने 35 हजार से अधिक राखियाँ बनाई है, जिनमें से 17 हजार राखियों का विक्रय किया जा चुका है। इससे उन्हें 1 लाख रूपए से अधिक की आय हुई है।

**आदिवासी दीदियों ने बनाई राखियां - आर्थिक रूप से हुई सशक्त-** दंतेवाड़ा जिले की पार्वती महिला ग्राम संगठन चितालंका, मां दंतेश्वरी संकुल संगठन बालूद, किसान महिला संकुल संगठन भांसी, एकता महिला ग्राम संगठन चितालंका की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भी रक्षाबंधन के त्यौहार के लिए आकर्षक राखी तैयार की हैं। मां दंतेश्वरी संकुल संगठन बालूद की सदस्य ग्राम चितालुर की निवासी सीमा ने बताया कि महिलाओं द्वारा धान, चावल, मोती, ऊन, रक्षा धागे से अलग-अलग डिजाइन की फैंसी एवं आकर्षक रंग-बिरंगी राखियां तैयार की गई है। इससे उन्हें रोजगार मिल रहा है। अन राखियों को कलेक्ट्रेट परिसर सहित सी-मार्ट में भी बेचा जा रहा है। पिछले साल समूह की दीदियों को लगभग 1 लाख 20 हजार का मुनाफा हुआ था। इस वर्ष भी उन्हें अच्छी आमदनी की आशा है। स्थानीय बाजार में भी इन राखियों की काफी मांग है।